# देश में 75 टेक्सटाइल हब लगाएगी सरकार, टेक्सटाइल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- पीएम मित्र स्कीम के तहत होगी शुरुआत

Author: **Ashisha Rajput**

Publish Date: Sun, 26 Jun 2022 10:19 PM (IST) | Updated Date: Mon, 27 Jun 2022 07:59 AM (IST)



PM Mitra Scheme तमिलनाडु का तिरुपुर देश का प्रमुख टेक्सटाइल हब है जहां 10000 से अधिक गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट हैं और वहां छह लाख से अधिक लोग काम करते हैं। गोयल ने कहा कि 37 साल पहले वर्ष 1985 में तिरुपुर 15 करोड़ रुपये का निर्यात करता था।

**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** टेक्सटाइल मंत्री पीयूष गोयल का दावा है कि सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में तिरुपुर जैसे 75 टेक्सटाइल हब की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा कि अगर एक टेक्सटाइल हब में 50 हजार करोड़ का टेक्सटाइल उत्पादन शुरू हो जाता है तो एक हब में लाखों की संख्या में युवाओं को नौकरी मिल जाएगी। तमिलनाडु का तिरुपुर देश का प्रमुख टेक्सटाइल हब है जहां 10,000 से अधिक गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट हैं और वहां छह लाख से अधिक लोग काम करते हैं।

### क्या कहा टेक्सटाइल मंत्री पीयूष गोयल ने-

गोयल ने कहा कि 37 साल पहले वर्ष 1985 में तिरुपुर 15 करोड़ रुपये का निर्यात करता था। इस साल मार्च में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में तिरुपुर से 30,000 करोड़ रुपये के निर्यात का अनुमान है जो वर्ष 1985 के मुकाबले 2000 गुना अधिक है। रोजगारपरक क्षेत्र होने की वजह से सरकार टेक्सटाइल पर काफी फोकस कर रही है। जल्द ही पीएम मित्र स्कीम के तहत देश के विभिन्न राज्यों में मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जाएगी।

### अगले 30 सालों में 30 ट्रिलियन डालर हो जाएगी अर्थव्यवस्था

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और आने वाले 30 वर्षों में इसके 30 ट्रिलियन डालर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यदि देश की विकास दर आठ प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ती है तो अगले नौ वर्षों में यह दोगुनी हो जाएगी। वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था लगभग 3.2 ट्रिलियन डालर की है और आज से नौ वर्ष बाद यह लगभग 6.5 ट्रिलियन डालर की हो जाएगी। विकास दर की यही रफ्तार कायम रहती है तो अब से 18 साल बाद हम लगभग 13 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाले देश होंगे। जबकि अब से 27 साल बाद हम 26 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था होंगे। आज से 30 साल के बाद का हिसाब लगाया जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था 30 ट्रिलियन डालर की हो जाएगी।

### हर स्तर पर पारदर्शिता से अर्थव्यवस्था को मिली गति

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भरोसेमंद एवं निर्णायक नेतृत्व के साथ ही हर स्तर पर पारदर्शिता से भी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को समर्थन मिला है। वाणिज्य, उद्योग और कपड़ा मंत्री गोयल ने कहा कि देश ने एक स्थिर नीति ढांचे की घोषणा की है और सभी क्षेत्रों में किए गए निवेश का सम्मान किया है। गोयल ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग डीपीआइआइटी के सहयोग से आयोजित सीआइआइ के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक में यह बात कही। इस बैठक का आयोजन भारत सरकार और इन्वेस्ट इंडिया के साथ मिलकर शनिवार शाम को किया गया था।

Edited By: **Ashisha Rajput**